हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल सोमवार 12 मई 2025

06 कई केसों का आपसी समझौता से हुआ राजीनामा




07 अशोकनगर में रविवार का अवकाश बारिश के बीच गुजरा, गरजे बदरा





## समाचार संक्षेप

### डीवीएस एडवांस डेंटल क्लिनिक का हुआ उद्घाटन



**राघौगढ़।** नगर के न्यू बस स्टैंड मेन चौराहे पर डीवीएस एडवांस डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद म.प्र. शासन के मुख्य अतिथि एवं जयवर्धन सिंह विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री म.प्र.शासन की गरिमाए में उपस्थित रिविन काटकर संपन्न हुआ। इसमें आधुनिक सुविधा के साथ दांत निकलना,फ्रैक्चर जबड़े का इलाज,दांतों की सफाई करना, स्माइल डिजाइनिंग,मसूड़े की सूजन व खून आना आदि से संबंधित मुंह एवं दांतों का इलाज आधुनिक मशीनों के द्वारा डॉ. साहिब अली एवं डॉ. सबा साहिब के द्वारा किया जाएगा। साथ ही सिंह ने कहा कि यह नगर के लिए गौरव की बात हैं,कि नगर के बेटे डॉ. साहिब अली के द्वारा अपनी सेवाएं नगर में देंगे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ जन,अंजुमन इस्लाम कमेटी सदर ताहिर खान, काजी आमिल अनीस रहमानी,सभी डॉ.ऐसोयिशन संगठन के पदाधिकारीगण, सहित नगर के गणमान्य एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आबकारी विभाग ने 1 लाख 20 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की

**गुना।** अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रभारी राधाकिशन अटारिया ने ग्राम झिर, गोकुल सिंह का चक एवं विनायक खेड़ी में दबिश दी। गोकुल सिंह के चक से साहिबा पारदी एवं विनायक खेड़ी से आरोपी महेश पुत्र मांगीलाल आदिवाशी के कब्जे से कच्ची मदिरा जब्त की। साथ ही होटल सम्राट, दशहरा मैदान के पास से मदिरा पिलाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया। ग्राम झिर मे भारी मात्रा मे लहान जब्त किया गया जिसे खेतो मे गाड़ा गया था। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। लाने की असमर्थता के कारण लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। कुल 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1200 किलोग्राम जब्त किया जाकर नष्ट किया। आरोपियों के विरूद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 1,20,00/- रुपये है। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक प्रेमनारायण नामदेव, राजेन्द्र कुमार पांडेय, महिला आरक्षक भावना दूबे एवं पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

### दो वर्ष से लापता नाबालिग लड़की को पुलिस ने किया बरामद

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव एवं उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से करीबन दो वर्ष पूर्व लापता हुई एक नाबालिग लडकी को अपने निरंतर प्रयासों से दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गई है । गौरतलब है कि विगत वर्ष 2023 को दिनांक 11-12 मार्च की रात जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय एक नाबालिग लड़की के किसी को बिना कुछ बताये घर से अचानक कहीं चले जाने पर लड़की की बहन की ओर से उसके गुम होने संबंधी रिपोर्ट दिनांक 13 मार्च 2023 को मधुसूदनगढ़ थाने पर की गई थी । जिस पर से अपराध क्रमांक 57/25 धारा 363 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । थाना क्षेत्र से नाबालिग लडकी के अपहरण के उक्त प्रकरण में मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस द्वारा अपहृता की निरंतर तलाश की गई एवं इस हेतु विभिन्न तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र की मदद से अपहृता को खोजने के भरसक प्रयास किए गए । अपहृता की तलाश के क्रम में बीते रोज मुखबिर से जानकारी मिलने पर मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने कार्यवाही करीबन दो साल से अपहृत नाबालिग लड़की को बरामद कर उसके परिजनों से मिला दिया है ।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए 145 वाहनों पर ठोका 55 हजार का जुर्माना

# 3 घंटे की मैराथन वाहन चेकिंग में 200 से भी अधिक वाहनों को जांचा

### नशे में बस चलाते हुए ड्राइवर पर ड्रिंक एंड ड्राइव का प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बीती रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एक साथ मैराथन वाहन चेकिंग की गई । 3 घंटे की इस मैराथन वाहन चेकिंग में करीबन 200 से भी अधिक वाहनों को जांचा गया, जिनमें यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये 145 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कुल 55,000रूपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं नशे में बस चलाते हुए पाये जाने पर एक चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत ड्रिंक एण्ड ड्राइव का प्रकरण तैयार किया गया ।



पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा जिले में सरल व सुदृढ़ यातायात व्यवस्था बनाये रखना, अपनी प्रमुख प्राथमिकता में रखकर जिले में सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराये जाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही हेतु अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है । निर्देशानुसार जिले में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने फोर्स के साथ प्रतिदिन सड़कों पर उतर कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप संचालित कराया जा रहा है । साथ ही व्यस्तम जगहों पर वाहन चैकिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर जुर्माने की कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी तारतम्य में गत 10 मई की रात 8 बजे से 11 बजे तक जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एक साथ चैकिंग लगाकर 3 घंटे मैराथन वाहन चैकिंग की गई । इस दौरान गुना में कोतवाली, थाना कैंट और थाना यातायात द्वारा गायत्री मंदिर के पास यातायात थाने के समक्ष संयुक्त रूप से वाहन चैकिंग की गई । जबकि देहात के थानों में बस स्टैंड के आस-पास वाहन चैकिंग लगाई गईं । वाहन चेकिंग में मुख्य रूप से यात्री बसों के साथ संदिग्ध वाहनों को चैक किया गया, इस दौरान बस चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से एल्कोहल टेस्ट किया गया, जिसमें सिंह ब्रदर्स ट्रेवल्स की एक बस के चालक के शराब के नशे में बस चलाते हुए पाये जाने पर चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत ड्रिंक एण्ड ड्राइव का प्रकरण तैयार किया गया । 3 घंटे की इस मैराथन वाहन चैकिंग में करीबन 200 से भी अधिक वाहनों को जांचा गया, जिनमें यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये 145 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कुल 55,000रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया ।

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने बताया कि इस वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्री बसों में जनता की सुरक्षा एवं यातायात नियमों की अनदेखी से हो रहीं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा सुचारू यातायात व्यवस्था बनाकर रखना है ।जिले में बेहतर यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर गुना पुलिस की वाहन चैकिंग कार्यवाहियां आगे भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेंगी । सभी वाहन चालकों से गुना पुलिस की अपील है कि अपने-परिवार की खुशी के लिये यातायात नियमों का हमेशा पालन करें।

### चाचौड़ा में शादी समारोह से भटकी 4 वर्षीय बच्ची, डायल-112/100 स्टाफ ने परिजन से मिलवाया

**गुना ।** जिले के थाना चांचौड़ा क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान अपने परिजनों से बिछडक़र एक 4 वर्षीय बच्ची रास्ता भटक गई। बच्ची को बाजार क्षेत्र में रोते हुए देख स्थानीय लोगों ने डायल-112/100 पर सूचना दी। यह सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल को गत शाम करीब 6 बजे प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही डायल-112/100 एफआरवी वाहन क्रमांक एमपी 04 1045 में तैनात आरक्षक प्रवीण मीना एवं पायलेट शिवनारायण मीना मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्ची को सुरक्षा के साथ वाहन में बैठाया और आसपास के क्षेत्र में परिजनों की तलाश शुरू की। थोड़ी ही देर में पूछताछ के दौरान पता चला कि बच्ची अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी, जहां वह भीड़ में परिजनों से बिछड़ गई थी। पुलिस टीम ने समारोह स्थल पर पहुंचकर बच्ची के परिजनों से संपर्क किया। बच्ची द्वारा पहचान और आवश्यक सत्यापन के बाद उसे सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया।

# आतंकवादियों का पूरी तरह से गढ़ बन गया पाकिस्तान

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि हम एक बात कहेंगे कि हर समस्या का हल बातचीत से होता है और युद्ध आखिरी विकल्प होना चाहिए।

पाकिस्तान आतंकवादियों का गढ़ बन गया है। पाकिस्तान की सरकार खुलेआम आतंकवादियों को प्रशिक्षित करती है और उन्हें आतंकवादी गतिविधियों में शामिल करती है। ये सारी बातें अब स्पष्ट हो चुकी हैं। पाकिस्तान पूरी तरह से आतंकवादियों का गढ़ बन गया है।गुना में अपने दौरे के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की, पर उनका कहना है कि वह कब क्या कह दें, इससे कोई भरोसा नहीं है। वहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह दक्षता और निर्णय की कमी दिखाते हैं।साथ ही, उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान बातचीत से ही संभव है और युद्ध अंतिम विकल्प है। उन्होंने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह आतंकवाद का गढ़ बन चुका है और हमें इस स्थिति पर सख्ती से निपटना चाहिए। साथ ही, उन्होंने संसद का सत्र बुलाने की भी मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार रात गुना पहुंचे थे।



रविवार सुबह उन्होंने सबसे पहले सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद जगनपुर में आदिवासी परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।दिग्विजय सिंह के कार्यक्रम के अनुसार, राघौगढ़ में मंगल भवन का उद्घाटन किया और शासकीय पेंशनर संघ राघौगढ़ की स्मारिका सारथी के प्रथम विशेषांक राघौकीर्ति का विमोचन किया। इसके अलावा भी शाम तक कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

### करंट लगने के कारण 5 गायों की मौत

**मक्सूदनगढ़ ।** कस्बे सुंदरपुर गांव में करंट लगने के कारण 5 गायों की मौत हो गई है, गनीमत यह रही की गांव के लोगों द्वारा तुरंत घटना की सूचना, विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारियों को दी गई, सूचना मिलते ही बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया, नहीं तो और गायों की मौत भी करंट लगने के कारण हो सकती थी, आलम यह रहा की हवा और आंधी तूफान के साथ बारिश भी हुई, जिस ज़मीन गीली हो गई और तेज तूफान के कारण बिजली का तार टूट गया, जिसकी चपेट में आने के कारण पांच गायों के करंट लग गया और गायों की मौत हो गई।



# बदला मौसम का मिजाज, दिन में उमस तो शाम को राहत की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में बीते एक सप्ताह से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला हुआ नजर आ रहा है। रविवार को दिनभर की उमस और गर्मी के बाद शाम को मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। इस बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से कुछ राहत दी, वहीं मौसम के अचानक बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह के समय आर्द्रता 44 फीसदी और शाम को 60 फीसदी मापी गई, जो दिनभर की चिपचिपी गर्मी और उमस को दर्शाती है। सूर्योदय सुबह 5:39 बजे और सूर्यास्त शाम 6:55 बजे हुआ। रविवार को सुबह से ही मौसम गर्म और उमस भरा बना रहा। हालांकि शाम को करीब 5:30 बजे के बाद मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। इस बारिश का सिलसिला रूक-रूक कर चलता रहा, जिससे मौसम सुहावना हो गया। हवा की रफ्तार ने न सिर्फ धूल को उड़ाया बल्कि तपती ज़मीन को भी ठंडक दी। इस प्रकार, रविवार को गुना जिले में एक ओर जहां दिनभर गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया, वहीं शाम की बारिश ने उन्हें राहत का अनुभव कराया। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों में भी मौसम में बदलाव की संभावना जताई है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया लोकार्पण

# 1.60 करोड़ की लागत से बना आश्रय भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

रविवार को नगरपालिका परिषद राधौगढ़ विजयपुर में डेएनएलयूएम योजनान्तर्गत निर्मित नवीन आश्रय भवन का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। दरअसल, डेएनएलयूएम योजनान्तर्गत निर्मित नवीन आश्रय भवन का निर्माण करीब 1 करोड़ 60 लाख की लागत से किया गया। जोकि 3 मंजिला है। जिसने अनेकों कमरे बनाएं गए।

जिसका उपयोग नगरवासियों द्वारा किसी कार्यक्रम के लिए ले सकते है। जिसका लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा किया गया। इसके बाद उन्होंने करोड़ों की लागत से बने आश्रय भवन का निरीक्षण भी किया। मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, विधायक जयवर्द्धन सिंह, पत्नी सृजाम्या सिंह , पुत्र सहस्त्रजय सिंह सहित पार्षद डिंपल कुलदीप कश्यप उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि मूलभूत सुविधाएं सड़क बिजली पानी जैसी सुविधा जनता को मिलें। राघौगढ़ नगर को स्वच्छ पानी मिलें, इसके लिए 92 करोड़ की जलावर्धन योजना लाई गई, जिसका लगभग कार्य हो चुका है। नगरपालिका की अपनी अलग अलग मांग होती है और पार्षदों पर भी दबाव होता है। लेकिन बुनियादी तौर पर सफाई का कार्य अच्छा होना चाहिए। मोहल्ले के छोटे छोटे कार्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मेने हमेशा शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान दिया है। जिले में आईटीआई सहित पॉलीटेक्निक और इंजीयिरिंग कॉलेज राधौगढ़ में खुला था। आज पूरे देश में हालात ठीक नहीं है। बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। परिवार में बचत कम होती जा रही है और हर परिवार संकट से गुजर रहा है।

अधिक से अधिक लोग आयुष्मान कार्ड बनवाएं जिससे स्वास्थ्य लाभ मिल सकें। विधायक जयवर्द्धन सिंह ने कहाकि जब में नगरीय प्रशासन मंत्री था तब इस नवीन आश्रय भवन के लिए राशि स्वीकृत कराई थी। यह मंगल भवन जोकि तीन मंजिला है। राधौगढ़ या आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों से आग्रह करूंगा कि जब भी आपके घर कोई कार्यक्रम रहेगा। आप इसका उपयोग जरूर करें। विधायक जयवर्द्धन सिंह ने कहाकि मंगल भवन में काफी क्षेत्रफल बचा है। नपाध्यक्ष, सीएमओ सहित सभी पार्षद मिलकर इस मंगल भवन का सौंदर्यकरण कैसे हो, इस पर विचार करे।



## चाचौड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया

# कई केसों का आपसी समझौता से हुआ राजीनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

रविवार को उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया । इसमें न्यायालीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों के साथ-साथ बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामलों का निराकरण किया गया ।

चाचौड़ा न्यायालय परिसर में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई। जिसमें नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा के दिशानिर्देश अनुसार एवं मार्गदर्शन में चाँचौड़ा अपर सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार अग्रवाल एवं अतिरिक्त अपर सत्र




न्यायाधीश मनीष भट्ट द्वारा माँ सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायधीश प्रियम सेन , न्यायाधीश डिम्पल कश्यप अभिभाषक संघ सचिव रंजीत सिंह गौर एडव्होकेट,एड जयराज सिंह खीची ,एड हबीब खाँन,एड अमित सेन, एड नविंद्र राजपूत,एड रामचरण अहिरवार , न्यायलयीन स्टाफ में नायब नाजिर अनिल कुमार सेन,गंगाराम चौहान,ललित वैरागी,छोटे सिंह,अजीज , ललित व्यास ,नीलेश गुप्ता विनय रघुवंशी , अनूप सिंह , अंजली गुप्ता , रितेश गुप्ता, स्वदेश सैनी, प्रदीप, राजकुमार मौर्य , मनमोहन, शरद शर्मा, प्रमोद , चंद्रभान, धर्मेंद्र एवं शासकीय विभागों के व बैंकों के अधिकारी उपस्थिति रहें। चाँचौड़ा में कई केसों का आपसी समझौता से राजीनामा कर मामलो का निपटारा किया गया।

## ग्वालियर में होगा जिले के 14 बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 14 बच्चों को कान की गंभीर बीमारी के इलाज हेतु ग्वालियर स्थित निजी अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। यह पहल कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नेतृत्व और जिला स्वास्थ्य विभाग की सतत निगरानी में संभव हो पाई है। 8 मई को केंद्र गुना तथा 10 मई को सिविल अस्पताल आरोन में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए थे। इन शिविरों में जन्म से 18 वर्ष तक की आयु के करीब 55 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 14 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इन सभी ऑपरेशनों की अनुमानित लागत करीब 7 लाख रुपये होगी, जिसे योजना अंतर्गत शासकीय रूप से वहन किया जाएगा। इस अभियान में गुना, आरोन और बीनागंज की आरबीएसके टीमों ने सामूहिक रूप से कार्य किया। कलेक्टर कन्याल स्वयं स्थिति की निगरानी करते रहे और जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी से लगातार अपडेट लेते रहे। यह प्रयास बच्चों के लिए न केवल स्वास्थ्य लाभ का माध्यम है, बल्कि उनके जीवन में नई शुरुआत की उम्मीद भी बन गया है।

### संक्षेप समाचार

## अहिल्या बाई होलकर के सामाजिक जीवन को लघु नाटिका में दर्शाया



**गुना।** पुण्य श्लोक मां अहिल्या बाई होलकर की 300वी जयन्ती के उपलक्ष्य में मातृशक्ति गुना द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा द्वारा अहिल्या बाई होलकर के जीवन के सामाजिक, आर्थिक एवं न्याय के पहलुओं को एक लघु नाटिका द्वारा दर्शाया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निवेदिता शर्मा, मुख्य अतिथि आशा किरण कौर अभिभाषक एवं गिरिराज अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में तुलसीदास दुबे कार्यक्रम अध्यक्ष एवं भारत विकास परिषद प्रांतीय संपर्क गतिविधि संयोजक शआनंद कृष्णानी उपस्थित रहे इस लघु नाटिका का निर्देशन एवं लेखन डॉ. आभा दहीभाते द्वारा किया गया इस नाटक प्रस्तुति का मंच संचालन अहिल्या शाखा अध्यक्ष इंदु सोनी द्वारा किया गया इस प्रस्तुति में पात्रों में शाखा सचिव नीरज अवस्थी ,संगठन सचिव आकांक्षा यादव ,कार्यक्रम संयोजक सपना दीवान एवं प्रियंका यादव, नीतू मिश्रा, रेनू मिश्रा,श्रेया अवस्थी,ज्योति शिवहरे एवं सूत्रधार की भूमिका कु. अंतिमा सक्सेना द्वारा की गई।

## बच्चों का स्वास्थ शिविर आयोजित

**गुना।** 11 मई को सेवा भारती द्वारा सेवा भारती के संस्थापक विष्णु की स्मृति में चल रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत सातवें दिन सेवा भारती के रानी दुर्गावती संस्कार केंद्र के सहयोग से पुरानी छावनी कांजी हाउस के निकट विशाल बच्चों का स्वास्थ शिविर लगाया गया। इसमें गुना के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एस पी जैन द्वारा बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कर मेडिसिन लिखी गई इस अवसर पर जैन मिलन गुण द्वारा निशुल्क दवा दी गई । इस अवसर पर 117बच्चों को डॉ एस पी जैन साहब द्वारा स्वास्थ परीक्षण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ एस पी जैन साहब द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। तत्पश्चात विश्व



शांति हेतु महावीर प्रार्थना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर नगर जैन मिलन से पूर्व अध्यक्ष मनोज जैन कंटपीस, कोषाध्यक्ष वीर सुनील जैन पंचायत, वीर विजय ठेकेदार, संस्था सचिव अमित टांटिया, चंद्रेश गोलेछा, सुनील होजरी, महावीर एम आर, चंद्रेश गढ़ा उपस्थित रहे। सेवा भारती से जिला अध्यक्ष डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, जिला सचिव अखिलेश विजयवर्गीय, जिला कोषाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष सुनील पांडेय, विभाग समन्वयक प्रमोद यादव, संस्कार केंद्र से लक्ष्मी प्रजापति, जगमोहन प्रजापति, डॉ भरत कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

# पेंशनर संघ ने नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ पदाधिकारियों का स्वागत किया






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ जिला गुना द्वारा नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ पदाधिकारियों का पेंशनर पार्क में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता करते हुए पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन में सभी नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ पदाधिकारियों को बधाई दीं। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भूप नारायण सिंह सोलंकी ने अपने उदबोधन में पेंशनर्स पार्क की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका यह सफल सार्थक प्रयास अनुकरणीय हैं। आप सभी पेंशनर्स के हौसलों और सकारात्मक कार्यों से मैं अति प्रोत्साहित हूं, अभिभूत हूं। कार्यक्रम में साहित्यकार डा सतीश चतुर्वेदी शाकुन्तल ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने एवं आभार कमलेश श्रीवास्तव ने प्रकट किया। इस अवसर पर पेंशनर्स संघ एवं अधिवक्ता संघ के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे जिनमें सर्वश्री वीर सिंह भदौरिया, एम के गौतम, भारत भूषण चतुर्वेदी, एन एस राजपूत, कैलाश नारायण सुमन, हरिओम श्रीवास्तव, के आर अन्वेकर, देवेंद्र कुमार अहारिया, श्याम श्रीवास्तव, एस के राजौरिया, आर बी स्वर्णकार, वीरेंद्र मुक्त, रामकृष्ण सिंह रघुवंशी, श्याम सुंदर लिटोरिया, सागर सिंह धाकड़, शलभ पारीख, मोहर सिंह लोधा आदि प्रमुख हैं।

**शासकीय पेंशनर संघ राघौगढ़ की स्मारिका सारथी के प्रथम विशेषांक राघवकीर्ति के विमोचन** :वहीं शासकीय पेंशनर संघ राघौगढ़ की स्मारिका सारथी के प्रथम विशेषांक राघवकीर्ति के विमोचन कार्यक्रम की सफलता पर सभी पेंशनर्स साथियों को बहुत बहुत बधाई। गुना से पधारे श्रीवास्तव जिलाअध्यक्ष एवं हमारे सभी गुना के साथीगण समय निकाल कर यहां पधार कर जो हमें अनुग्रहीत किया उसके लिए गुना टीम का बहुत बहुत आभार ज्ञापित करता हूं।

# पगारा मंडल अध्यक्ष के जन्मदिवस पर किया रक्तदान शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय जनता पार्टी के पगारा मंडल कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा के जन्मदिवस को समाजसेवा के रूप में मनाते हुए एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें मंडल के कार्यकर्ताओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर अमित शर्मा स्वयं रक्तदान कर समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, रक्तदान महादान है और अगर मेरा जन्मदिन किसी के जीवन को बचाने का माध्यम बनता है, तो इससे बड़ा उपहार मेरे लिए कोई नहीं हो सकता।इस शिविर में 15 से अधिक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

यह शिविर भाजपा कार्यकर्ताओं की राजनीति के साथ-साथ समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। कार्यकर्ताओं ने भी संदेश दिया कि भाजपा का हर कार्यकर्ता सामाजिक जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाता है।रक्तदान करने वाले प्रमुख रक्तदाताओं के नाम इस प्रकार हैंःअमित शर्मा मंडल अध्यक्ष पगारा, दीपक शर्मा, चेतन पांडे, अनुज शर्मा, महेश कुशवाह, सौरभ शर्मा, अनिल शर्मा, रंजीत कुशवाह, मनीष शर्मा, दिनेश गुर्जर, दीपक शर्मा, राहुल नामदेव, गौरव कुशवाह, अनिल कुशवाह राजीव रघुवंशी, विशाल शिवहरे, शिवेंद्र यादव, सत्यम शर्मा शामिल हैं। शिविर के सफल आयोजन पर सभी रक्तदाताओं और आयोजकों का आभार अमित शर्मा ने व्यक्त किया और इस प्रेरणास्पद पहल की सराहना की।

# नेत्र शिविर में 76 मरीज की जांच, 16 ऑपरेशन योग्य पाए



**अशोकनगर।** रविवार को रोटरी क्लब नेतृत्व में श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। काफी संख्या में मरीजो ने उपस्थित होकर जांच करवाई एवं कई मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इस नेत्र शिविर में श्री करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर का विशेष सहयोग रहा। रिकॉर्ड के अनुसार 76 मरीजो की ओपीडी हुई एवं 16 मरीजो का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। रोटरी क्लब अशोकनगर द्वारा प्रतिमाह के दूसरे रविवार को यह शिविर कई वर्षो से अनवरत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अन्य जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते हैं। इस अवसर पर रोटेरियन अजित जैन एलआईसी, माधव सिंह रघुवंशी, रोशन कोहली, सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

## फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी इकरार खान पुत्र हाजी अब्दुल सत्तार ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है । इस मामले की जांच उपनिरीक्षक भोजराम भगत थाना कोतवाली द्वारा की गई जिसमें निसार,अरसद,इरसाद कुरेंशी द्वारा आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया गया जिससे परेशान होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

## फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिल के मुंगावली थाने के अंतर्गत नसीम पुत्र हकीम खान उम्र 50 साल निवासी ग्राम मल्हारगढ़ ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में रात्रि में फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

# कलेक्टर ने तीसरी बार जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

## चिकित्सा सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

अशोकनगर स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में मध्यप्रदेश के सभी जिलों में सबसे गरीब जिला है यहां स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं है पूरा जिला जिला अस्पताल के भरोसे है।

अगर डॉक्टर समय पर नही है और इंतजाम में कमी है तो मरीज को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ता है। यहां आने वाले मरीजों की उपचार के साथ जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए इसी को जांचने और परखने के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह तीसरी बार जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए नजर आए। कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार की रात्रि को जिला चिकित्सालय पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का





जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप जिले में चिकित्सा सेवाएं मरीजों को बेहतर से बेहतर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ समय पर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अशोकनगर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव साथ थे।

## बाबा की विधिवत पूजा अर्चना के साथ होगा मेले का शुभारंभ

# क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर आज लगेगा धार्मिक मेला, दर्शनों के लिए उमड़ेगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

श्योपुर जिला मुख्यालय से 32 किमी दूर ग्राम जैनी स्थित जन आस्था के केन्द्र क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर वैशाख शुक्ल पूर्णिमा ( पीपल पूर्णिमा) के मौके पर विशाल धार्मिक मेला 12 मई को भरेगा। क्षेत्रपाल बाबा मंदिर समिति ने इस वार्षिक धार्मिक मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। वहीं मंदिर को आकर्षक ढंग से सजा दिया गया है।

समिति के मुताबिक क्षेत्रपाल बाबा का धार्मिक मेला 12 मई सोमवार को बाबा की विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होगा। इस दौरान श्री क्षेत्रपाल बाबा की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस मेले के दौरान मप्र व राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ यहां मंदिर पर बाबा के दर्शनों के लिए उमड़ेगी।



### बाबा के दर्शनों के लिए आएंगे दूर दूर के श्रद्धालु

बैसाखा पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले धार्मिक मेले में श्योपुर क्षेत्र के अलावा सवाई माधोपुर, बारां, कोटा और करौली जिलों से श्रद्धालु बड़ी तादाद में सपरिवार पहुंचेंगे। जो बाबा के दर्शन करते हुए उनकी पूजा अर्चना करेगे और परिवार पर कृपा बनाए रखने की ढोक लगाएंगे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। क्षेत्रपाल मंदिर प्रबंध समिति के शंभूदयाल वैष्णव ने बताया कि मेले के लिए जल्द ही बैठक बुलाकर अलग अलग समिति को व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा जाएगा।

इसी दिन शाम को नाल उठाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएंगी, जिसमें विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को समिति के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके बाद मंदिर में नगाड़े बजाकर मेले के समापन का ऐलान होगा। मेला स्थल पर प्रकाश एवं पेयजल सहित दुकानदार और आम श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

### बाबा को ढोक लगाने के बाद करते हैं मांगलिक कार्य की शुरूआत

जैनी में विराजे श्री क्षेत्रपाल बाबा पूरे क्षेत्र के पालनहार कहे जाते हैं। मान्यता है कि क्षेत्रपाल बाबा की कृपा से क्षेत्र में कभी कोई अनिष्ट, महामारी जैसी आपदाएं नहीं आईं। इसलिए ग्राम जैनी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण अपने घर-परिवार में कोई शुभ कार्य या मांगलिक कार्य की शुरूआत बाबा को ढोक लगाने के बाद ही करते है। श्योपुर जिले के साथ ही राजस्थान में भी श्री क्षेत्रपाल बाबा के प्रति श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। मान्यता है कि बाबा के दरबार में मन की हर मुराद पूरी होती है। जिसकारण बाबा के दरबार में न सिर्फ श्योपुर जिले, बल्कि राजस्थान के श्रद्धालु भी अपनी मन्नतें लेकर आते हैं और मन्नत पूरी होने पर यहां धार्मिक अनुष्ठान करते हैं और लड्डू-बाटी का भोग भी लगाते हैं।

### हर साल पीपल पूर्णिमा पर होता है धार्मिक मेले का आयोजन

ग्राम जैनी स्थित प्राचीन श्री क्षेत्रपाल बाबा का मंदिर जनआस्था का केंद्र है। यहां प्रत्येक रविवार को दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। यही नहीं, यहां हर साल वैशाख शुक्ल पूर्णिमा के मौके पर विशाल धार्मिक मेले आयोजित होता है, इस धार्मिक मेले के आयोजन की परंपरा बरसों पुरानी है। सालों से इस धार्मिक मेले का आयोजन जारी बना हुआ है।

## आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला आयोजित




**अशोकनगर।** आदि गुरू शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को मध्यपदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड मुंगावली द्वारा गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय में व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित आचार्य अतुल बापट शास्त्री जी ने की। इस अवसर पर उन्होंने आदि गुरू शंकराचार्य के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अजय गुप्ता लेखापाल द्वारा आपदा प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। जिला समन्वयक अनीता जाटव ने परिषद की आगामी कार्ययोजना,आपदा प्रबंधन एवं जल गंगा संवर्धन के बारे में बताया। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक सुखवती वर्मा ने सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम असाइनमेंट व प्रोजेक्ट रिपोट के बारे में जानकारी दी। मेंटर मुकेश प्रजापति द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्तकिया गया। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था सचिव राकेश चैबे ने किया। कार्यक्रम में समस्त मेंटर, छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## आपदा एसडीआरएफ की टीम ने सिविल डिफेंस का दिया प्रशिक्षण



**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोक नगर के मार्गदर्शन में सिविल डिफेंस अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम जिला सेनानी होमगार्ड द्वारा रविवार को शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला सेनानी होमगार्ड राघवेंद्र शर्मा द्वारा आपदा प्रबंधन के विभिन्न स्वरूप बताएं एवं उनसे बचने के लिए उपाय बताए। साथ ही उन्होंने आकस्मिक परिस्थितियों में आपदा से बचने के उपाय बताए एवं बम का उदाहरण देकर वायु हमले के दौरान कैसे स्वयं का बचाव किया जा सके इसके बारे में बताया। एसडीआरएफ की टीम ने विभिन्न यंत्रों के माध्यम से विस्तार समझाया एवं बताया कि जागरूकता ही बचाव है। मप्र जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक अनीता जाटव, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, सिविल डिफेंस से एसडीआरएफ की समस्त टीम एवं शहर के समाजसेवी, स्वैच्छिक संगठन, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के परामर्शदाता रानी शर्मा, रचना गुप्ता, मोहन कुशवाह, जगदीश केवट, बलवीर यादव व छात्र-छात्राओं सहित100 वालेंटियर्स ने सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सोनेरा मंडल की कार्यकारिणी घोषित हुई

**अशोक नगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की सहमति से रविवार को सोनेरा मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि घोषित कार्यकारिणी में मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी द्वारा उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, उर्मिला रविन्द्र रघुवंशी गरेंठा, रघुराज सिंह रघुवंशी मसीदपुर,विनीत शर्मा भैंसरवास,गोपाल सिंह रघुवंशी अखाई टप्पा,श्रीमति सविता राजकुमार यादव डोंगरा पछार, महामंत्री अवधेश सिंह रघुवंशी खेजरा कलां, शशि हेमराज सिंह बागड़ी पिपरिया राय,मंत्री राजेश सिंह रघुवंशी सोवत, सुरमनी महावीर सिंह रघुवंशी अमाही, सौरभ शर्मा चिरोला, मोनिका दिनेश रघुवंशी जतौली, धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी सेमरी जुम्मन, रामू रघुवंशी लिधौरा, कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह रघुवंशी (गुड्डा) सेमरा हाट, सह कोषाध्यक्ष रामू रघुवंशी गौरा,कार्यालय मंत्री महेन्द्र सिंह सोनेरा, सह कार्यालय मंत्री कपिल सिंह रघुवंशी शहवाजपुर, मीडिया प्रभारी संदीप रघुवंशी गौरा, सह मीडिया प्रभारी नवल सिंह दांगी ककरूआ राय,सोशल मीडिया प्रभारी रानू रघुवंशी करैया राय,सह सोशल मीडिया प्रभारी रिंकू रघुवंशी धमना, आई.टी. सेल प्रभारी अभयराज सिंह रघुवंशी गता सोनेरा,सह आई.टी. सेल प्रभारी, राजेश सिंह रघुवंशी ककराई को नियुक्त किया गया है।नवनियुक्त कार्यकारिणी को जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई दी गई।

### मोबाइल चार्जिंग के दौरान फटने से 10 वर्ष के मासूम के हाथ में चोट

**अशोकनगर।** मोबाइल को चार्ज में लगाने के साथ उसका उपयोग करना किसी के लिए भी खतरनाक हो सकता है एक ऐसा ही मामला यहां सामने आया है जहां पिपरई थाना क्षेत्र के इमलिया गांव के निवासी मुकेश पुत्र राजधर आदिवासी उम्र 10 साल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मुकेश अपना कीपेड मोबाइल चार्जिंग में लगाकर गाने सुन रहा था इसी दौरान मोबाइल हाथ में ही फट गया जिससे उसके दोनो हाथों, शरीर में कईं जगह झुलसने का मामला सामने आया है। जिसमें एक हाथ का अूंगठा और अंगुली क्षतिग्रस्त हो गई है यह घटना उन लोगों को सचेत करती है जो मोबाइल चार्ज में लगाने के समय उपयोग करते हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी ने रानी पत्नी अजयपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भगवान सिंह गुर्जर निवासी बंगला चैराहा ने प्लॉट की बात को लेकर जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला पिपरई निवासी ने महेन्द्र बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरा कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा कॉलोनी निवासी अरविंद यादव ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## अंचल के आसमान पर बारिश की झलक अभी से नजर आई

# अशोकनगर में रविवार का अवकाश बारिश के बीच गुजरा, गरजे बदरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ग्रीष्म ऋतु के महीने में गर्मी शबाब पर होती है और लपट पूरे दिन चलती है उस गर्मी के मौसम में इस बार अशोकनगर जिले के लोगों को बदले हुए मौसम के बीच से गुजरना पड़ रहा है। पिछले 7 दिनों से अशोकनगर का मौसम बर्षा में बदल गया है कब बदल आ जाए कब बारिश होने लगे कोई पता नहीं है।

इन सबके चलते रविवार का दिन अशोकनगर में पूरे दिन बारिश के बीच गुजरा दोपहर से ही बारिश की शुरुआत हो गई थी जो हल्की बरसात से शुरू हुई और देर शाम तक तेज गति से वर्षा होती रही। इस मौसम को देखकर लग रहा है कि इस बार या बरसात जल्दी आएगी या फिर वर्षा को आने में विलंब हो सकता है। क्योंकि गर्मी के महीने में ऐसा मौसम पहले कभी देखने को नहीं मिला। गर्मी का मौसम बारिश की कमी के साथ गुजरता है पूरे दिन रह रहकर गर्म हवाएं चलती हैं लोग पंखों की गर्म हवा से बचने के लिए कूलर और एसी का सहारा लेते हैं। लेकिन इस बार मई के महीने के पहले पखवाड़े में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला अब तो पंखों की हवा भी ठंडी हो गई है । देर रात के बाद लोग या तो पंखा धीमा कर देते हैं या फिर पंखे की हवा से बचने के लिए चादर का सहारा ले रहे हैं।

### मौसमी सामान की दुकानों का कारोबार प्रभावित

मौसम में आया यह बदलाव उन लोगों के व्यापार पर भी प्रभाव डाल रहा है जो गर्मी के मौसम के भरोसे रहते हैं। चाहे वह आइसक्रीम के पार्लर हो या बर्फ के गोले की दुकान हो या फिर बादाम शेक की दुकान,गन्ने का रस, दही की लस्सी और जूस की दुकान हो। उन सबको पूरे साल भर में सिर्फ गर्मी के महीने का इंतजार रहता है। यह गर्मी के महीने उनके लिए अच्छे व्यवसाय के रूप में माने जाते हैं जब लोगों को गर्म लपट भरी हवाओं से बचने का सहारा लेना पड़ता है । तब इस तरह की सामग्री का उपयोग करते हैं । इस बार इस सामग्री को विक्रय करने वाले लोग मौसम के बदलाव के कारण परेशान है और उन्हें व्यापार में नुकसान की संभावनाए दिखाई दे रही हैं। सबसे बड़ी परेशानी शादी और विवाह के दिनों में भी हो रही है। यही दिन शादियों के हैं इन शादियों के दिनों में जिनकी शादी मैरिज गार्डन से है उनके यहां व्यवसाय परिसर के अलावा मांगलिक भवन में हो जाती है लेकिन जहां गांव के लोग सिर्फ टेंट लगाकर शादी करते हैं वहां धूल हवा और आंधी के कारण या टेंट उड़ रहे हैं या फिर शादी का प्रोग्राम जम नहीं पा रहा है जबकि शादियां मई के पूरे महीने में और जून के पूरे महीने में चलना है । ऐसी स्थिति में शादी विवाह के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### किसानों को मंडी में ढंककर लाना पड़ रहा है माल

बात अगर किसानों की करें तो किसानों को भी पानी की वजह से परेशान होना पड़ रहा है यह किसान मंडी में माल लाने से पहले ढक कर ला रहे है। कब माल की नीलामी होगी कब नंबर आएगा हो सकता है उन्हें मंडी में एक या दो दिन माल की अधिक होने के कारण इंतजार करना पड़े। इस कारण किसानों को अपने माल को पानी से बचने के प्रबंध करना पड़ रहे हैं। शहर में प्लास्टिक का कारोबार करने वाले लोगों की दुकानों पर भी कारोबार चल निकला है इनका कारोबार बारिश के दिनों में होता था इस बार में के महीने में ही उनका कारोबार शुरू हो गया है। वर्षा के कारण शहर के तमाम चैराहा पर और मुख्य मार्गों पर लोगों को पानी से बचाव करते हुए देखा गया। शहर की नालियां पानी के बहने के बाद कचरा सड़क पर उबलते नजर आई । अभी से नालीयों को वर्षा काल के मौसम को देखते हुए पानी के निकासी के प्रबंध भी करने होंगे। ताकि वर्षा काल का यह मौसम आने वाले दिनों में शहर के लिए समस्या का कारण न बन सके ।

### शहर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू करने की मांग



इसके अलावा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के मामले में अशोकनगर जिला बहुत पीछे है। वाटर हार्वेस्टिंग को लेटर प्रभावी तरीके से कोई कार्रवाई जिले में आज तक होती नहीं देखी गई न तो लोग आगे आए न संस्थाएं आगे आईं न प्रशासन में कोई रुचि दिखाई। जल संरक्षण और संवर्धन का अभियान भले ही जिले में चल रहा हो लेकिन पानी को संरक्षित करने के लिए प्रयास भी करने होंगे जो बारिश का पानी बहकर निकल जाता है उस पानी को सहेजने के कोई प्रबंध नहीं हो रहे हैं । इस पानी को सहेजने के लिए शहर भर में जितने भी मकान है उन पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाना चाहिए । कम से कम नगर पालिका को एक चुने हुए इलाके को वाटर हार्वेस्टिंग प्रभावित इलाका बनाना चाहिए ताकि पानी का जल स्तर कम न हो सके। इस को भी शुरू करने की आवश्यकता है क्योंकि अभी देखने में आ रहा है कि शासकीय विभागों में भी वाटर हार्वेस्टिंग के कोई प्रबंध नहीं है मकान में भी अपनी पाइपों से नीचे गिरता है और बहकर निकल जाता है जबकि मकान मालिकों के छतों से आने वाले पानी को पाइप के सहारे नीचे लाना चाहिए और वहां एक सोखता गड्ढा बना दिया जाए तो कम से कम वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू हो सकता है । एक गड्ढे को दो मकान के पाइप में जोड़ना चाहिए इस तरह के प्रबंध करने की जरूरत है।

## नदी में नहाने गए युवक को मिर्गी का आया दौरा, पानी में डूबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरपुर



कस्बे की मोला नदी में डूबने से रविवार सुबह एक युवक की मौत हो गई। युवक जहां डूबा, वहां पानी केवल तीन फिट था। बताया गया है कि सुमेर निवासी रामबाबू पुत्र शीतल केवट उम्र 27 वर्ष को मिर्गी के दौरे आते थे। इस बीमारी से युवक की स्थिति मानसिक रूप से विक्षिप्त जैसी हो गई थी। रविवार सुबह वह घर से निकलकर मोला नदी में रोजाना की तरह नहाने गया था।

नहाने के दौरान ही उसे मिर्गी के दौरे आ गए। जिससे वह केवल तीन फिट पानी में डूब गया और बाहर नहीं निकल सका। युवक जहां डूबा, वहां नेशनल हाईवे का पुल है। पुल से गुजर रहे राहगीरों ने उसका शव पानी में देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर किया। पुलिस ने शव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिया है।

## यादव समाज पर टिप्पणी कर चर्चाओं में आए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चन्देरी



एक शादी समारोह के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान, यादव समाज को लेकर टिप्पणी कर रहे हैं। यह वीडियो चर्चा का विषय बनी हुई है। नगर में फिर से राजनीतिक चर्चाओं में आए पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो ग्राम बडेरा में उस समय का है जब शादी समारोह चल रहा था। वीडियो में गोपाल सिंह चैहान यादव समाज को लेकर खासी टिप्पणी कर रहे हैं और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं उनसे भी नहीं डरा था, तो इससे क्या डरूंगा। इस वीडियो में विशेष रूप से गोपाल सिंह चौहान सरपंच बाली सिंह लोधी सहित अन्य यादव समाज के लोगों का नाम लेकर बातें कर रहे हैं। यह वायरल वीडियो उस घटनाक्रम के बाद सामने आया है, जब कुछ दिनों पहले पूर्व विधायक सहित दो लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। उस घटना के बाद से ही विधायक चर्चाओं में हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद विधायक गोपाल सिंह ने यादव समाज जनों से मांगी माफी बोले मुझसे त्रुटि हो गई है उसके लिए मैं माफी चाहता हूं यादव समाज मेरे परिवार स्वरूप है और जो एक गोली से छह आदमी मरने की बात कही गई है वह बात वर्तमान बडेरा सरपंच बाली सिंह द्वारा पूर्व में कही गई थी जिसको इनके द्वारा दोहराया गया है और यह है वीडियो में लोगों से समान तौर पर चर्चा कर रहा था लेकिन किसी के द्वारा मुझे बदनाम करने की साजिश से यह प्रयास किया जा रहा है।

## नृसिंह का प्रकटोत्सव मनाया भारी संख्या में भक्त शामिल



**चंदेरी।** बैशाख शुक्ल चैदस को भगवान नृसिंह का प्राकट्योत्सव बड़े ही उत्साह और धार्मिक परंपराओं के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा और अभिषेक किया, और दोपहर में जन्मोत्सव के साथ ही शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ऐतिहासिक नगरी में बैशाख शुक्ल चैदस को भगवान नृसिंह का प्राकट्योत्सव बड़े डाम्रास के साथ मनाया गया। सुबह के समय से भक्तों द्वारा भगवान का अभिषेक किया गया, जिसके बाद दोपहर करीब 12 बजे भगवान नृसिंह का जन्मोत्सव मनाया गया। रात को मंदिर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा में भारी संख्या में भक्त शामिल हुए। प्रदेश में केवल चंदेरी में ही भगवान नृसिंह की सवारी निकाली जाती है। लगभग 500 वर्ष पुराना यह नृसिंह मंदिर क्षेत्र का महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, जिसका वास्तु शिल्प अन्य मंदिरों से अलग और विशिष्ट माना जाता है। प्राचीन परंपरा के अनुसार यहाँ पर भगवान के प्रकटोत्सव का मंचन भी किया जाता है। पूजा के दौरान राक्षस और दानवों का भ्रमण और प्रभात पहलाद के साथ भगवान का प्रकट होना भी इस मौके का मुख्य आकर्षण है। यह परंपरा मंदिर की स्थापना से ही जारी है और दर्शकों के बीच धार्मिक उत्साह का केंद्र रहती है।



### रक्तदान शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक ने स्वयं रक्तदान किया

**अशोकनगर।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर चलाया जा रहा है। शासन द्वारा ऐसी मंशा जाहिर की गई है कि जितने भी ब्लड बैंक है उनमें पर्याप्त ब्लड उपलब्ध रहे । इसी तारतम्य में आज रविवार को उपपुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक जिला अशोकनगर विनीत कुमार जैन एवं पुलिस जवानों द्वारा जिला चिकित्सालय अशोकनगर में ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जिला अशोकनगर विनीत कुमार जैन, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, निरीक्षक मनीष चैहान, उप निरीक्षक रेडियो अविनाश रघुवंशी, आरक्षक जयगोपाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित होकर रक्तदान किया गया।

## देश की रक्षा कर रहे सैनिकों में शक्ति संचार शौर्य,पराक्रम व आत्मबल बढ़ाने अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा श्री युगल सरकार मन्दिर में श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 13 क्षेत्र विभाग योग का स्वाध्याय किया गया और सभी योगिजनो ने शरीर, आत्मा और परमात्मा के स्वरूप का वर्णन विस्तार जाना।

अध्याय 13 में भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को समझाते हुए कहते है हे अर्जुन यह शरीर क्षेत्र कहा गया है जब इस शरीर में दैवीय गुण अहिंसा, सत्य, पवित्रता, सात्विकता, ब्रह्मचर्य, दान देने की प्रवृत्ति, क्षमा, परोपकार आदि गुण बढ़ते है तब यह धर्मक्षेत्र कहलाता है और जब इसमें चोरी, हिंसा, बेईमानी, काम, क्रोध, लोभ, मोह कपट आदि दुर्गुण बढ़ते हैं तब यह कुरुक्षेत्र बन जाता है जिसमें दैवीय और आसुरी शक्तियों का युद्ध हमेशा होता रहता है।

श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 4 श्लोक 7-8 में भगवान कहते हैं हे भारत जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब- तब ही मैं अपने रूप को रचता हूँ अर्थात साकाररुप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूँ। साधु पुरुषोंका उद्धार करने के लिये पापकर्म करने वालों का विनाश करने के लिये और धर्म की अच्छी तरहसे स्थापना करने के लिये युग युग में प्रकट हुआ करता हूँ। सभी ने देश की रक्षा हेतु सीमाओं पर डटे सैनिकों में शक्ति का सञ्चार हो, उनमें शौर्य, पराक्रम, आत्मबल एवं देश की सुरक्षा करने का भाव सदैव बना रहे इस भावना के साथ वैदिक यज्ञ किया और दैवीय शक्तियों का आव्हान कर वैदिक मंत्रों से आहुति अर्पण की गईं। और विश्व मंगल व राष्ट्र में प्रेम, भाईचारा, समृद्धि, सफलता की प्रार्थना की। इसमें गीताव्रती रामबली, राजेंद्रसिंह, हेमन्त सोनी, रमेशचंद शर्मा, अमरसिंह रघुवंशी, रश्मि रघुवंशी, नेपालसिंह, लाखनसिंह, सीताराम यादव, श्रीनन्दन, रामकृष्ण, शीलकुमार, राजाराम मीना, अरविन्द आदि रहे।

### संदिग्ध गेहूं निकाला समर्थन मूल्य का, कार्यवाही का इंतजार, रात के अंधेरे में कैसे पहुंचे अन्नदूत के वाहन?

**चन्देरी।** थाना क्षेत्र के बडेरा में पिछले शुक्रवार की रात को संदेह पर रोके गये दो ट्रक गेंहू के मामले में जांच उपरान्त गेंहू को समर्थन मूल्य का होना पाया गया है। लेकिन अभी तक इसमें किसी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया है। बडेरा गांव में शुक्रवार रात लगभग 10 बजे प्रशासन को गेहूं की कालाबाजारी की सूचना मिली। मौके पर पहुंची तहसीलदार और पुलिस टीम ने दो सरकारी अनदूत वाहन और लगभग 400 कट्टे गेहूं पाए, जिनका वजन करीब 200 क्विंटल से अधिक था। अधिकारियों ने जांच के दौरान पता लगाया कि यह गेहूं पीडीएस का नहीं बल्कि समर्थन मूल्य का है। हालांकि, सवाल यह उठ रहा है कि ये ट्रक केवल सरकारी बारदाना पर माल रखने के लिए हैं, फिर भी इन ट्रकों को किस तरह उस जगह पर खड़ा पाया गया, यह भी संदेह जताया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार इन ट्रकों में जीपीएस सिस्टम लगा है, तो ऐसी स्थिति में अभी तक ट्रक मालिक और चालक के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, जिससे इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध बन रही है।

### यूरिया और एनपी के खाद का पर्याप्त मात्रा में भंडारण किया

**अशोकनगर।** उप उपसंचालक कृषि केएस केन द्वारा बताया गया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। पिछले दो दिवस में यूरिया की 2 रैक जिले में लग चुकीं हैं। आज की स्थिति में जिले में यूरिया 10500 मेट्रिक टन, एनपीके 6200 मेट्रिक टन एवं एसएसपी 5600 मेट्रिक टन उपलब्ध है। इस प्रकार से जिले में कुल 22300 मेट्रिक टन पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि किसान भाइयों की सुविधा को देखते हुए उनकी अपनी समितियां में ही खाद पहुँचाया जाना सुनिश्चित करें। जिससे किसान भाइयों को ज्यादा दूर खाद लेने के लिए परेशान नहीं होना पड़े। इसी क्रम में जिले की सहकारी समितियों में लगभग 550 मेट्रिक टन यूरिया खाद सीधे रैक से भेज दिया गया है। किसान भाइयों से अपील है कि संबंधित समिति से खाद का अग्रिम उठाव जरूर कर ले। किसानों भाइयों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग द्वारा ग्राम चैपालों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को ग्राम अमरोद एवं कडेसरा में किसान चैपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चैपाल में किसान भाइयों को एनपीके ग्रेड के खादों के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई ।

## मातृत्व दिवस पर गौरैया व उनके बच्चों को सुरक्षा का अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय महिला परिषद राजुल संभाग द्वारा मातृत्व दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सभी मातृ शक्ति का फूलों के मुकुट से स्वागत किया।

स्थाई प्रोजेक्ट जीव दया के माध्यम से मातृत्व दिवस के अवसर पर परिषद की प्रांतिय चेयर पर्सन रश्मि जैन के विशेष सहयोग से गौरैया आदि चिड़ियों को भीषण गर्मी से बचाव एवं उनके बच्चे सुरक्षित रहें इसके लिए चिड़िया आश्रय घर बनवाकर अशोकनगर के सभी महिला मंडलों के अध्यक्ष मंत्री, पदाधिकारियों एवं सभी सदस्यों को वितरित किए गए। सभी से आग्रह किया कि सभी आश्रय घर बनाकर चिड़यिो की सुरक्षा करें ऐसा संकल्प किया। कार्यक्रम को केन्द्रीय संरक्षिका वर्षा बड़कुल प्रांतिय जन संपर्क अधिकारी ममता जैन, अध्यक्ष प्रियंका जैन, सचिव प्रीति बाबा, कोषाध्यक्ष अंजू कांसल, लीनस क्लव की अध्यक्ष रजनी शुक्ला,रघुवंशी महिला संगठन से गंगा रघुवंशी,लवली रघुवंशी, युवा अरिहंत परिबद की अध्यक्ष टीना खेरा, सचिव निष्ठा बगुल्या, और परिषद के सभी सदस्यों ने सफल बनाया।

## प्रदेश के मुख्य सचिव ने रविवार को आपदा प्रबंधन की वीसी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने रविवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंस ली।

इस वीडियो कॉन्फ्रेंस मे उन्होंने सभी कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक सुझाव लिए गए। जिला स्तर पर वीडियों कॉन्फ्रेंस का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में किया गया। वीडियों कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर सहित संबंधित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## 207 क्विंटल गेहूं की मात्रा कम, वेयर हाउस मैनेजर व समूह संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिला मुख्यालय अशोकनगर अंतर्गत विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर का रविवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक कम मिलने पर समूह संचालक और वेयर हाउस मैनेजर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

निरीक्षण के दौरान क्रांति स्वसहायता समूह करैया बुद्धु के अंतर्गत गेंहू का उपार्जन का भण्डारण विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर में किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने वेयर हाउस की भण्डारण क्षमता, सुरक्षा तथा भण्डारित गेहूँ का मौसम के अनुरूप बचाव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि वेयर हाउस में भण्डारित गेहूँ का पूर्ण दस्तावेजों के साथ मिलान कर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

### जांच दल ने किया स्टॉक मिलान

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत एसडीएम अशोकनगर ब्रजबिहारीलाल श्रीवास्तव, ईसागढ एसडीएम तथा प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी इसरार खान तथा सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती प्राची शर्मा तथा राजस्व अमले द्वारा विकास वेयर हाउस शाहबाजपुर के गेहूँ स्टॉक का मिलान किया गया। जांच उपरांत जांच दल ने पाया कि वेयर हाउस में 35296 क्विंटल गेहूँ भण्डारण के विरूद्ध 35089 क्विंटल गेहूं का स्टॉक उपलब्ध है, जो कि लगभग 207 क्विंटल गेहूँ की मात्रा कर मिली। स्टॉक कम मिलने पर क्रांति स्वसहायता समूह संचालक कुसुम बाई धाकड़ तथा वेयर हाउस मैनेजर विकास रघुवंशी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## शादी समारोह में ठंडक देने वाली नाइट्रोजन से भरे बर्तन में गिरी थी मासूम

# 7 वर्षीय बच्ची जाते जाते भी दे गई किसी ओर के जीवन को रोशनी

### इंदौर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा / जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम बाढ़गांव की मेडतवाल समाज की सात वर्षीय बच्ची वाहिनी गुप्ता की दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। मासूम वाहिनी गुप्ता अपने परिवार के साथ बीते 6 मई को खुजनेर में आयोजित एक शादी समारोह में गई थी, जहां पर वह इस दुर्घटना का शिकार हो गई और उसे अपनी जान गवांनी पड़ी। इस हृदयविदारक हादसा के पीछे निश्चित तौर पर दिखावे के लिए रखे गए खतरनाक केमिकल दोषी है। इसकी जांच होनी चाहिए की इस तरह की लापरवाही किस तरह से हुई जिसमें एक मासूमकी जान चली गई। जाते जाते भी मासूम ने अपनी आखें दान कर किसी ओर के जीवन में सुख की रोशनी देकर अपने जीवन को दूसरों से बड़ा बना लिया।

#### नाइटोजन से भरे बर्तन में गिरी थी बच्ची

शादी समारोह में सजावट और मनोरंजन के लिए रखे गए ठंडी नाइट्रोजन से भरे एक बर्तन में वह बच्ची अनजाने में गिर गई। नाइट्रोजन की तीव्र ठंडक ने उसके शरीर को बुरी तरह जला दिया। हादसे में बच्ची का 80 प्रतिशत शरीर जल गया था और वह गंभीर स्थिति में थी। घटना के बाद परिजन तत्काल बालिका को इंदौर के अरबिंदो अस्पताल ले गए, जहां उसे जीवनरक्षक प्रणाली पर रखा गया। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद बच्ची की हालत में सुधार नहीं आया और शनिवार की रात को उसका दुखद निधन हो गया। वाहिनी गुप्ता राजेश गुप्ता की बेटी थी। इस हादसे ने केवल एक परिवार की नहीं, मेडतवाल समाज सहित अन्य नागरिकों में



दहशत पैदा कर दी लेकिन प्रशासन को भी इस मामले को लेकर जागरूक होकर ऐसे केमीकल का उपयोग सावधानीपूर्वक करने हेतु आयोजन करता को सजग करने की आवश्यकता है।

#### परिवार ने बालिका का नेत्रदान करवाया जिससे नेत्र हीन को रोशनी मिलेगी

मासूम बच्ची की आंखें अब किसी और की दुनिया में रौशनी देंगी। यह निर्णय अपने आप में एक प्रेरणादायी कदम है। जो वर्तमान समय की जरूरत है।शादी में इस्तेमाल हो रही खतरनाक चीजों पर उठे सवाल। स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद आवाज उठाई है कि शादी समारोहों में दिखावे के लिए की जा रही ऐसी व्यवस्थाएं, जो जानलेवा साबित हो सकती हैं, उन पर रोक लगाई जाए। ठंडी नाइट्रोजन जैसी खतरनाक गैसों का खुले में उपयोग सुरक्षा के गंभीर प्रश्न खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा के उपाय होते, तो यह हादसा टाला जा सकता था। अब जरूरत है कि इस घटना से सीख लेकर प्रशासन सख्ती से नियम बनाए, जिससे किसी और परिवार पर इस तरह का वज्रपात नहीं हो।

# राजगढ़ की खूबसूरती पर धब्बा लगा रहे मेन रोड पर हुए दर्जनों गड्ढे

### नगर पालिका ने मेन मार्केट की आधी सड़क पर ही करवाया था डामरीकरण

### रानी लक्ष्मी चौराहे से किला क्षेत्र तक बदहाल जैसी है दोनों तरफ की सड़क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बेहतर और सटीक प्लानिंग के अभाव में राजगढ़ नगर का आधा-अधूरा विकास ही वर्तमान और पुरानी परिषदों के कार्यकाल में हो पाया है। बात अगर राजगढ़ नगर के मेन मार्केट की मुख्य सड़क की करें तो आधी सड़क पर नपा ने जहां चौड़ीकरण और डामरीकरण करवाया दिया है लेकिन बाकी बची आधी सड़क पर दर्जनों स्थानों हुए बड़े-बड़े गड्डे नगर के सौंद्रर्यीकरण और खूबसूरती पर एक धब्बा साबित हो रहे हैं। जी हां, करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री अधोसरंचना विकास के तहत मेन मार्केट की सड़क पर चैड़ीकरण एवं डामरीकरण करवाया था। लेकिन यह कार्य महज नाका नंबर-3 से लेकर रानी लक्ष्मी चौराहे तक ही सीमित होकर रह गया। रानी लक्ष्मी चौराहे से किला क्षेत्र के दोनों तरफ की सड़कों (सब्जी बाजार एवं पारायण चौक) को बगैर डामरीकरण के ही छोड़ दिया गया था क्योंकि इनका निर्माण प्रस्ताव में शामिल ही नहीं था। ऐसे में वर्तमान हालात यह है कि आधे राजगढ़ की मेन मार्केट की सड़क तो चकपक नजर आती है लेकिन आधे मार्केट की सड़क दर्जनों गड्डों से पटी पड़ी है। मेन मार्केट की सड़क पर दर्जनों स्थानों पर हुए गड्डों के चलते पैदल राहगीरों सहित वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।





#### प्लानिंग में ही शामिल नहीं था निर्माण

पुरानी परिषद के समय नगर के मेन मार्केट की सड़क के चौड़ीकरण एवं डामरीकरण की प्लानिंग की गई थी। उस समय जिम्मेदारों ने आधे मेन मार्केट के डामरीकरण पर तो ध्यान दिया लेकिन शेष बचने वाले हिस्से पर किसी ने विचार ही नहीं किया। यही कारण है कि बजट स्वीकृति उपरान्त राजगढ़ नगर के आधे मेन मार्केट की सड़क पर डामरीकरण हो पाया है।

#### नगरवासियों ने रखी यह मांग

राजगढ़ नगरवासियों ने वर्तमान परिषद के जिम्मेदारों से मांग रखी है कि डामरीकरण कार्य से मेन मार्केट की सड़क का जितना हिस्सा छूटा हुआ है, उसे भी डामरीकृत करवाया जाए ताकि शहर की खूबसूरती में चार-चांद लग सकें।

# ई-केवायसी में जिला प्रदेश में अव्वल, 72 फीसदी कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में पिछले दो माह से समग्र आईडी की आधार नंबर से ई-केवायसी का कार्य तेजी से किया जा रहा है। संपूर्ण मध्यप्रदेश में समर्ग पोर्टल के अंतर्गत चल रहे ई-केवायसी कार्य में राजगढ़ जिले ने अव्वल प्राप्त किया है। जिले में कुल 19 लाख 46 हजार 689 पंजीकृत समग्र आईडी में से 14 लाख 12 हजार 80 लाभार्थियों की ई-केवायसी की जा चुकी है।

इस तरह कुल टारगेट का लगभग 72.54 फीसदी लक्ष्य नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के मैदानी अमले द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। गत 1 अप्रेल से 10 मई के बीच 15849 ई-केवायसी की गई जो निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। इस अवधि में जिले ने 30 प्रतिशत प्रगति दर के साथ कुल 72 फीसदी लक्ष्य पूर्ण कर लिया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले को मिली यह सफलता प्रशासनिक सक्रियता, क्षेत्रीय अमले की मेहनत एवं जनसामान्य की भागीदारी का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि ई-केवायसी के इस महत्वपूर्ण कार्य को जिले का मैदानी अमला पूरी सक्रियता के साथ ग्राम पंचायतों, वार्डों में चौपालें इत्यादि आयोजित करके पूर्ण करवाने में लगा हुआ है।

समग्र

# आनंद पैलेस के पास कार बाइक की भिड़ंत में एक महिला की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

पचोर सोयत हाइवे पर रविवार शाम करीब 4 बजे एक भयानक सड़क हादसा हुआ आनंद पैलेस होटल के पास तेज रफ्तार महिंद्रा ग्न्ट ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बताया जा रहा बाइक ब्यावरा कला शादी अपने घर दुबली जा रहे थे कार पचोर की ओर से आ रही थी सड़क हादसे में बाइक सवार 30 वर्षीय कौशल्याबाई वर्मा की मौके पर मौत हो गई हादसे में कौशल्याबाई के पति हेमराज वर्मा और 7 वर्षीय बेटी जीविका घायल हो गए। पति हेमराज वर्मा को खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से राजगढ़ रेफर किया गया। खुजनेर थाना प्रभारी एसआई शिवचरण यादव के अनुसार, महिंद्रा वाहन के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। टक्कर के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ग्न्ट को जब्त कर लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

# विधायक ने लिखा कलेक्टर को पत्र

### माचलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ पायल को वापस भेजने की कही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



हजारीलाल दांगी
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्रं. 163 खिलचीपुर
राष्ट्रीय अध्यक्ष : दांगी/डांगी क्षत्रिय महासंघ भारत

विधायक विश्राम गृह भोपाल (म.प्र.)
न्यू पारिवारिक खण्ड - N1 - क्रमांक-13
निवास : शिक्षक कॉलोनी, जीरापुर
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
मो. नं. : 9617417023
9425444021

क्रमांक 53 दिनांक 11/05/2025

प्रति,
कलेक्टर महोदय,
जिला राजगढ़

विषय :- स्थानांतरण करने बावत्।

विषयान्तर्गत निवेदन है कि डॉ.भरतलाल शाक्य संविदा मेडिकल ऑफीसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोघटपुर में पदस्थ होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में कार्यरत है। इनकी कार्यशैली से जनता असंतुष्ट है। ये पूरे समय घर पर रहकर प्रेक्टिस करते है एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में समय से ड्यूटी पर नही रहते है। इनकी काफी शिकायते प्राप्त हो रही हैं।

साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में पदस्थ डॉ.पायल पाटीदार का अटैचमेन्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर किया गया है, जिससे क्षैत्र की जनता में काफी नारजगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधि जनता की मांग अनुसार इनका अटैचमेन्ट समाप्त कर पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर में पदस्थ किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि श्रीमति पायल पाटीदार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर करने एवं डॉ. भरत शाक्य को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माचलपुर से अन्यत्र विधानसभा में करने का कष्ट करे।

भवदीय
(हजारीलाल दांगी)

सबका साथ..... सबका विकास

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालचपुर की समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन विवादों में रहे डॉक्टर को माचलपुर भेजने से स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर पडा है। क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए विधायक हजारी लाला दांगी ने कलेक्टर को एक पत्र लिखकर डॉ पायल पाटीदार को पुनः माचलपुर स्वास्थ्य केंद्र वापस भेजने एवं डॉ भरत शाक्य को विधानसभा से दूर रखने की बात कहीं गई हैं। उल्लेखनीय है कि अटैचमेंट के चलते इस समय माचलपुर स्वास्थ्य केंद पर डॉक्टर की किल्लत है और मरीजों को इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है।

# देशवासियों की रक्षा के लिए किया हनुमान चालीसा का पाठ व महाआरती

### आतंकवादियों को ठिकाने लगाने वाले सैनिकों की रक्षा के लिए किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



पिछले दिनों हुए पहलगांव में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार एवं भारतीय सेना द्वारा उसके जवाब में सिंदूर ऑपरेशन चलाकर पाकिस्तान के कई सैनिक ठिकानों पर हमला कर उन्हें ध्वस्त किया। इसी को लेकर शनिवार शाम को नगर के कृषि उपज मंडी में स्थित केसरी नंदन हनुमान मंदिर में विधायक मोहन शर्मा की उपस्थिति में नगर वासियों ने सामूहिक रूप से श्रीराम नाम की धुन, हनुमान चालीसा का पाठ, महा आरती का आयोजन व महाप्रसाद जी का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि हमारी सुरक्षा के लिए सैनिक देश की बॉर्डर पर लड़ रहे हैं तो हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम देश की सुरक्षा व सैनिकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना के माध्यम से ईश्वर उनको सुरक्षित रखें अपने-अपने माध्यम से प्रार्थना करते रहे।

इस मौके पर मनोहर मंडलोई, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम गर्ग, मनोज गोयल, भरत झंवर, अभिषेक गुप्ता, बृज किशोर मीणा, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, उपाध्यक्ष हेमराज चौधरी, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, प्रतिनिधि राजेश पटेल, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, सुरेश गोयल, अनाज व्यापारी पवन अग्रवाल, कृष्ण मोहन गोयल, सत्यनारायण माहेश्वरी, हंसराज गर्ग, संजय अग्रवाल, शैलेंद्र बंसल, अनोखी लाल कोटिया, कैलाश मीणा, हृदेश चंद्रवंशी, सुनील वर्मा, ओम शर्मा, गोपाल राठौर, हरिओम विजयवर्गीय, राकेश मीना, अशोक मीणा,नीरज राठौर सैकड़ों की संख्या में नगर वासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश राज ने किया।

# फूलमाली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 9 जोड़े बंधे परिणय सूत्र

### अतिथियों ने सम्मेलन में पहुंचकर वर-वधु को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सकल पंच फूलमाली समाज के तत्वावधान में रविवार को बागकुआ टंकी स्थित पुष्प वाटिका फूलमाली समाज धर्मशाला में समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद के मुख्य अतिथ्य एवं सम्मेलन अध्यक्ष अमित पुष्पद के नेतृत्व में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के 9 जोड़ो का विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया सम्मेलन समिति द्वारा वर वधु को घर गृहस्थी का सामान कन्यादान में दिया गया।

सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका पार्षद गोपाल पाल सुनील बागवान राकेश पुष्पद किडी पंचायत अध्यक्ष प्रेम नारायण पुष्पद पूर्व समाज अध्यक्ष रामचरण पुष्पद भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद खारिया पंचायत अध्यक्ष रवि पुष्पद बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष कैलाश वर्मा मुकेरवाड़ी पंचायत कार्यकारी अध्यक्ष राजेश पुष्पद पछेटवाडी पंचायत अध्यक्ष कैलाश पुष्पद भगत समाज सचिव गोरीलाल बंसीलाल पुष्पद वैभव पुष्पद राजु पुष्पद मांगीलाल पुष्पद विनोद पुष्पद अंकित पुष्पद सहित अन्य समाज जनो ने वर वधु को सफल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन रामनारायण पुष्पद ने किया तथा आभार सम्मेलन अध्यक्ष अमित पुष्पद सुहानी ने माना। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# विदेश की धरती पर लहराया परचम, कराते प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल




**सारंगपुर।** बेटियां अपने देश व क्षेत्र का नाम रोशन करने में अब पीछे नहीं है अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश की दो बेटियों ने आतंकवादी ठिकानों को नेस्तु नाबूत कर दिया। देश की बेटियां हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाने में पीछे नहीं है। सारंगपुर विकास खंड के गांव रोसिया की किसान परिवार की बेटी जिनिशा नागर ने काठमांडू, नेपाल में आयोजित 10 वीं अंतरराष्ट्रीय जूनियर कराटे प्रतियोगिता में 25 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह उपलब्धि नेपाल के 2 खिलाड़ियों को दो 60-60 सेकंड की फाइट में कड़ी टक्कर देकर जिनीशा ने जीत हासिल की। जिनिशा नागर के पिता जगदीश नागर शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हैं वहीं उनके दादाजी बद्रीलाल नागर, ग्राम रोसिया, तहसील पचोर के सरपंच भी रह चुके हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में रुचि रखने वाली जिनिशा नागर ने जिले सहित प्रदेश की कई खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर जीत दर्ज की। काठमांडू नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में अपने कोच दीपांशु देसावरी के साथ पहुंची थी जैसे ही स्वर्ण पदक जीत की खबर गांव में पहुंची परिवार सहित गांव वालों ने आतिशबाजी व मिठाई बनाकर जश्न मनाया।

## कहीं आरटीई की छात्रा से वसूली फीस तो कहीं बच्चों के आधार और जन्मतारीख में संचालक ने की गड़बड़ी

# अनियमितता का स्कूल बना बाड़गांव का स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल




भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
भारत सरकार
Unique Identification Authority of India
Government of India
नामांकन क्रम / Enrollment No.: 0820/53014/14309

To
नरेन्द्र
Narendra
S/O: Kamal Singh
gram badhgao post badhgao
jeerapur badhgao
Badgaon
Badgaon
Jirapur Rajgarh
Madhya Pradesh 465693
9754923077
ME371309805FH

आपका आधार क्रमांक / Your Aadhaar No. :
2337 4902 8824
मेरा आधार, मेरी पहचान

भारत सरकार
Government of India
नरेन्द्र
Narendra
जन्म तिथि / DOB : 01/01/2013
पुरुष / Male
2337 4902 8824
मेरा आधार, मेरी पहचान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा /माचलपुर

शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते जिले के दूर दराज क्षेत्रों में चल रहे निजी स्कूल अपनी मनमानी करने पर उतारू हैं और जिम्मेदार राजनीतिक दबाव में चुप्पी साधे हुए हैं। जीरापुर जनपद की माचलपुर तहसील के ग्राम बाड़गांव के एक निजी स्कूल संचालक ने पैसों के लालच में मासूम छात्रा के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गांव में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल संचालक अर्जुन सिंह परमार ने आटीई की छात्रा दीपिका परमार से जहां पर फीस वसूल की वहीं उसके आधार कार्ड में स्वयं का नंबर डालकर उसमें अनयिमितताओं के साथ कई बार अपडेशन क्यों करवाए यह भी जांच का विषय है। इसी स्कूल का एक ओर मामला सामने आया है जिसमें स्कूल के छात्र नरेन्द्र परमार के आधार कार्ड और मार्कशीट में भी स्वामी विवेकानंद स्कूल के संचालक अर्जुन सिंह द्वारा अनियमितता की गई है जिसकी शिकायत उसके पिता ने विभाग से की परंतु अभी तक कोई एक्शन सामने नहीं आया है। यह मामले शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह खडा करते हैं।

#### छात्र के आधार और मार्कशीट में भी बदल दी जन्मतारीख

नरेन्द्र परमार जिसका स्कॉलर नंरब 495 है और उसकी जन्म तारीख 05 फरवरी 2015 है जबकि स्कूल प्रबंधन द्वारा उसकी विभिन्न कक्षा की प्राथमिक मार्कशीटों में जन्मतारीख 27 अप्रैल 2014 की गई, जबकि पिता का कहना है कि प्रदेश के समय दिए गए जन्मप्रमाण पत्र में बेटे की तारीख 27 अप्रैल 2014 है। ऐसे में यह बात समझ के बाहर है कि किन कारणो से छात्र की मार्कशीट और आधार पर संचालक अर्जुन सिंह द्वारा जन्मतारीख का बदला गया। एक निजी स्कूल संचालक द्वारा इस तरह का कृत्य अपराध की श्रेंणी मे आता है। फिर आज तक विभाग ने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की?

#### संचालक ने छात्रा के बाद छात्र के आधार में भी डाला अपना मोबाइल नंबर

स्कूल संचालक अर्जुन सिंह परमार ने गलती को छुपाने के चलते कई बाद छात्र नरेन्द्र परमार का आधार अपडेट करवाया जिसके चलते अब आधार अपडेशन की लिमिट की खत्म हो गई। हालांकि वह अपनी गलती दोनों गलतियां मानने तैयार है और आधार अपडेट करवाने के लिए तैयार है परंतु लिमिट खत्म हो जाने के चलते छात्रा दीपिका परमार और छात्र नरेन्द्र परमार का मामला अभी उलझा हुआ है।

#### इनका कहना है...

मुझे प्रवेश के समय बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं दिया गया था। इसलिए यह गलतियां हुई। बाकी में उन्हें सुधरवाने के लिए तैयार हूं।

**अर्जुन सिंह परमार**
संचालक स्वामी विवेकानंद स्कूल बाड़गांव माचलपुर

#### इनका कहना है...

लगातार मिल रहीं शिकयतों पर नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा। अभी तक हमने स्कूल को मान्यता रिन्यू नहीं की है।

**गजेन्द्र शर्मा,** बीआरसी जीरापुर